एफ.ए.क्यू.

स.क्रं.	एफ.ए.क्यू.	जवाब
1.	परीक्षा की तिथि क्या है?	परीक्षा घोषित होने पर परीक्षा की नियमपुस्तिका वेबसाईट पर अपलोड की जाती है, वहॉं से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
2.	त्रुटि सुधार कैसे होगा?	परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र में संशोधन किये जाने के लिए समय प्रदान किया जाता है। उसमें यह कार्य सम्पादित किया जा सकता है।
3.	त्रुटि सुधार नहीं हो पा रहा है।	एमपीऑनलाईन के दूरभाष क्रं. 0755–4019400 पर सम्पर्क स्थापित कर निदान करें।
4.	क्या परीक्षा केन्द्र बदला जा सकता है।	नहीं, किन्तु विशेष अनिवार्य परिस्थितियों में टी.ए.सी. जारी होने के पूर्व सम्भव है।
5.	परीक्षा नियम कहॉं दिए गए हैं?	परीक्षा की नियमपुस्तिका में विस्तृत विवरण एवं नियम उपलब्ध है।
6.	परीक्षा परिणाम कब आएगा?	परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने पर व्यापम की वेबसाईट पर अपलोड किया जाता है। निश्चित तिथि नहीं बताई जा सकती है।
7.	प्रश्न–पत्र के पाठ्यक्रम क्या हैं?	परीक्षा की नियमपुस्तिका में अंकित है।
8.	रोल नंबर खो गया, अब क्या किया जाए?	आवेदक का नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, मोबाईल नंबर एवं परीक्षा का नाम उल्लेखित करते हुए आवेदन–पत्र व्यापम की आवक शाखा में प्रस्तुत करें या व्यापम की ई–मेल vyapam@mp.nic.in पर मेल करें।
9.	रोल नंबर कब मिलेगा?	परीक्षा तिथि के एक सप्ताह पूर्व व्यापम की वेबसाईट पर अपलोड किया जाता है।
10.	"की" में सुधार कैसे होगा?	वेबसाईट पर उपलब्ध नियमपुस्तिका में व्यापम के परीक्षा संचालन नियम एवं निर्देश देखें।
11.	परिणाम में प्रतीक्षा सूची कहॉं है?	स्वयं के परिणाम की प्रतीक्षा सूची परिणाम के साथ परिणाम जारी होने के पश्चात् व्यापम की वेबसाईट पर उपलब्ध रहती है। सभी अभ्यर्थियों की प्रतीक्षा सूची संबंधित विभाग में देखी जा सकती है। आर.टी.आई. के माध्यम से भी प्राप्त किये जाने का प्रावधान है।
12.	पिता के नाम में सुधार कैसे होगा?	आवेदन–पत्र में अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, माता का नाम, पति का नाम तथा जन्मतिथि का विवरण आवेदन–पत्र में एक बार अंकित करने के पश्चात् सुधार नहीं किया जा सकता है, क्योंकि व्यापम की नियम पुस्तिका अनुसार वाईटल फील्ड में संशोधन किया जाना सम्भव नहीं है।
13.	तिथि निकलने के बाद क्या सुधार हो सकता है?	नहीं।
14.	परीक्षा परिणाम के आगे की कार्यवाही क्या होगी?	प्रवेश/नियुक्ति संबंधी कार्यवाही संबंधित विभाग के द्वारा सम्पादित की जाती है।
15.	आवेदन–पत्र कब आऍंगे?	व्यापम द्वारा परीक्षा घोषित किए जाने पर समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाता है एवं व्यापम की वेबसाईट पर विज्ञापन एवं समय सारणी से जानकारी ली जा सकती है।
16.	प्रमाण–पत्र गलत अपलोड हो गया है।	आवेदन–पत्र में संशोधन किये जाने की अवधि में सही प्रमाण–पत्र अपलोड किये जा सकते हैं।
17.	स्कैन, मूल प्रति का कराना होगा या फोटोकॉपी का?	प्रमाण–पत्रों की मूल प्रति से स्कैन कराया जाये।
18.	पेमेंट नहीं हो रहा है, क्या किया जाए?	एमपीऑनलाईन से सम्पर्क स्थापित करें।
19.	रोल नंबर कहॉं मिलेगा?	व्यापम की वेबसाईट पर प्रवेश–पत्र जारी होने के उपरांत आवेदक अपना ऑनलाईन आवेदन–पत्र क्रमांक एवं जन्मतिथि का उपयोग कर प्रवेश–पत्र/रोल नंबर प्राप्त कर सकते हैं।
20.	लिंग (जेंडर) का गलत विकल्प चयनित हो गया है, जिसे कैसे सुधारा जा सकता है?	परीक्षा के आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि के पश्चात् आवेदन पत्र में संशोधन किये जाने के लिए समय प्रदान किया जाता है। उसमें यह कार्य सम्पादित किया जा सकता है।

एफ.ए.क्यू.

स.क्रं.	एफ.ए.क्यू.	जवाब
21.	ग्रेज्युएट नहीं होने पर आवेदन भर सकते हैं?	वेबसाईट पर उपलब्ध संबंधित परीक्षा की नियमपुस्तिका में उल्लेखित शैक्षणिक व अन्य अर्हता रखने वाले ऑनलाईन आवेदन–पत्र भर सकते हैं।
22.	हस्तलिपि कॉलम में क्या लिखना है?	आप परीक्षा में क्यों सम्मिलित होना चाहते हैं अथवा अन्य किसी भी विषय से संबंधित दो लाईनें अपनी स्वयं की हस्तलिपि में स्पष्ट व पठनीय वाक्य लिखना है।
23.	परीक्षा शुल्क कैसे जमा करना है?	वेबसाईट पर उपलब्ध नियमपुस्तिका में व्यापम के परीक्षा संचालन नियम एवं निर्देश देखें।
24.	क्या–क्या त्रुटि सुधार किया जा सकता है?	आवेदक का नाम, पिता/पति का नाम, माता का नाम एवं जन्मतिथि को छोड़कर अन्य समस्त जानकारियों में त्रुटि होने पर निर्धारित समयावधि में सुधार किया जा सकता है।
25.	कम्प्यूटर से संबंधित क्या अर्हता मान्य है?	वेबसाईट पर उपलब्ध संबंधित परीक्षा की नियमपुस्तिका में उल्लेखित शैक्षणिक व अन्य अर्हताओं को देखें।
26.	बी.एड. पाठ्यक्रम की अवधि क्या है?	नियमपुस्तिका देखें। सत्र 2015–16 में यह पाठ्यक्रय दो वर्षीय है।